Class - VI

27/4/21

## हिन्दी पाठ - 2 बुद्धि बड़ी या पैसा ?

लघु उत्तरीय प्रश्न

उ०-1 रानी ने बुद्धि को धन से श्रेष्ठ बताया और कहा कि बुद्धि से ही सारे कार्य संभव होते हैं। बुद्धि के बिना खजाने लुट जाते हैं। राजपाट चौपट हो जाते हैं।

उ०-2 धरोहर पर रानी के नाम की मुहर देखकर सेठ ने समझा कि इसमें कीमती जेवर होंगे, इसलिए सेठ ने रानी को तुरंत रुपये दे दिए।

उ०-3 बचे हुए रुपयों से रानी ने गरीबों के लिए मुफ्त दवाखाना, पाठशाला तथा अनाथालय खुलवाए।

उ०-4 तोते के गले में पड़ी चिट्ठी पढ़कर राजा को राजकुमारी चौबोला की शर्त के विषय में पता चला।

उ०-5 राज्य की दशा बिगड़ने और राजा के नगर छोड़कर चले जाने की सूचना पाकर रानी दुखी हुई।

उ०-6 पुरुष का वेश धारण करके रानी राजकुमारी चौबोला के साथ शतरंज खेलने पहुँची।

उ०-7 कहानी का मुख्य संदेश है कि बुद्धि के बिना रुपया-पैसा सब व्यर्थ है। बुद्धिमान व्यक्ति सब कुछ संभव कर सकता है।

Scanned by TapScanner

Class VI

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उ०-1. राजा अत्यंत संपन्न था। वह पैसे को ही सब कुछ मानता था। रानी अत्यंत बुद्धिमान थी। वह बुद्धि को धन से श्रेष्ठ समझती थी। उसका मानना था कि दुनिया धन के बल पर नहीं बल्कि बुद्धि के बल पर चलती है।

उ०-2. रानी ने नए मकान में पहुँचकर नौकर द्वारा दो ईंटें मँगवाईं। ईंटों को सफ़ेद कपड़े में लपेटकर ऊपर से अपने नाम की मुहर लगवाई और धन्नू सेठ के घर उसे धरोहर के रूप में रखवाकर नौकर द्वारा दस हज़ार रुपए मँगवाए।

उ०-3. राजा जब देश-भ्रमण के लिए निकले तो एक काने आदमी ने राजा से अपनी गिरवी रखी आँख के बदले में आँख माँगी और एक अन्य व्यक्ति ने राजा से अपने गिरवी रखे कान के बदले में कान माँगा। आँख और कान के बदले इन्होंने राजा से रुपए माँगे। राजा ने अपनी इज्ज़त बचाने के लिए दोनों ठगों को रुपए दिए।

उ०-4. रानी ने सबसे पहले राजकुमारी चौबोला का शतरंज खेलने का भेद जाना, फिर पुरुष वेश धारण कर रानी राजकुमारी चौबोला के महल में पहुँची और उसे शतरंज में हराया। उसके राजकुमारी से विवाह की शर्त पूरी होने तथा विवाह निश्चित होने पर सभी कैदी मुक्त कर दिए गए। इस प्रकार रानी ने राजा को राजकुमारी की कैद से छुड़ाया।

Scanned by TapScanner

# अभ्यास


27/5/21

## पाठ से

हिन्दी - पाठ-2 बुद्धि बड़ी या पैसा? पुस्तक-कार्य + प्र0/30

### मौखिक (Oral)

1. राजा कैसा था? संपन्न और अहंकारी।
2. राजा ने रानी से क्या पूछा? दुनिया में बुद्धि बड़ी है या पैसा?
3. राजा ने पैसे को श्रेष्ठ बताने के लिए रानी को कहाँ भेजा? नगर के बाहर दूसरे मकान में।
4. धूर्त लोग राजा को क्यों लूटने लगे? रानी के बिना राजा को सलाह देने वाला कोई नहीं था।
5. ठगों से ठगे जाने के बाद राजा घूमते-घूमते कहाँ पहुँचा? राजकुमारी चौबोला के डेरा में।
6. राजा को राजकुमारी की कैद से किसने छुड़ाया? रानी ने।



Scanned by TapScanner

## भाषा से

**श्रुतलेख**– संपन्न, बुद्धिमती, श्रेष्ठ, इज़्ज़त, व्यापार, देश-भ्रमण, पीड़ित, चौबोला, लज्जित, आश्चर्य।

1. **'रु' और 'रू' से बनने वाले चार-चार शब्द लिखिए–**

रु – रुककर रुई रुकावट रुझान रुधिर

रू – ज़रूरत रूप रूखा रूठना प्रारूप

2. **नीचे दिए शब्दों के लिंग बदलिए–**

| | | |
|---|---|---|
| बुद्धिमान – बुद्धिमती | राजकुमार – राजकुमारी | सेठ – सेठानी |
| सेवक – सेविका | महाराज – महारानी | बूढ़ा – बुढ़िया |

3. ऐसे शब्द, जो एक साथ दो-दो के जोड़े में प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें **शब्द-युग्म** कहते हैं। इनमें योजक चिह्न (-) का प्रयोग होता है, जैसे– गरम-गरम, माता-पिता, दिन-रात आदि।

**पाठ में प्रयुक्त ऐसे ही पाँच शब्द-युग्म ढूँढ़कर लिखिए–**

काम-काज जैसे-तैसे दूर-दूर हाथी-घोड़े दास-दासी



Scanned by TapScanner

4. जो शब्द दो या दो से अधिक सार्थक शब्दों के मेल से बनते हैं। वे **यौगिक शब्द** कहलाते हैं। जैसे–
हिम + आलय = हिमालय, रसोई + घर = रसोईघर, राज + महल = राजमहल आदि।

**पाठ में से ऐसे चार यौगिक शब्द ढूँढ़कर लिखिए–**

राजघाट पाठशाला राजकुमारी अनाथालय

5. शब्द के जिस रूप से वस्तुओं तथा प्राणियों के एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे **वचन** कहते हैं। वचन के दो भेद हैं– **एकवचन, बहुवचन**।

**है** - एकवचन शब्द है। **हैं** - बहुवचन शब्द है।

वह जा रहा है। वे जा रहे हैं।

इन वाक्यों द्वारा 'है' और 'हैं' में अंतर समझ में आ रहा है। लिखते समय हम अधिकतर 'है' और 'हैं' का अंतर भूल जाते हैं और एकवचन/बहुवचन की स्थिति में केवल 'है' ही लिखते हैं।
ध्यान रखिए– 'है' एक व्यक्ति के लिए और 'हैं' दो या दो से अधिक व्यक्तियों के लिए प्रयोग होता है। अपने से बड़ों को आदर देने के लिए भी 'हैं' का प्रयोग किया जाता है; जैसे–
माँ बाज़ार गई हैं।
दादी जी अख़बार पढ़ रही हैं। क्या आप बाज़ार जा रही हैं?

**नीचे दिए वाक्यों में है अथवा हैं लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

क. बुद्धि न हो तो खज़ाने यों ही लुट जाते हैं।
ख. दुनिया धन के बल पर नहीं बल्कि बुद्धि के बल पर चलती है।
ग. भाई, मेरे पास किसी की आँख नहीं है।
घ. रानी ने दस हज़ार रूपए मँगवाए हैं।
ङ. राजकुमारी चौबोला शतरंज खेलती है।

Scanned by TapScanner